तेरी आराधना करूँ

तेरी आराधना करूँ
तेरी आराधना करूँ

पाप क्षमा कर, जीवन दे दे
दया की याचना करूँ

तू ही महान, सर्वशक्तिमान
तू ही हैं मेरे जीवन का संगीत
हृदय के तार, छेड़े झनकार
तेरी आराधना है मधुर गीत
जीवन से मेरे तू महिमा पाये
एक ही कामना करूँ

सृष्टि के हर एक कण कण में
छाया है तेरी ही महिमा का राज,
पक्षी भी करते हैं तेरी प्रशंसा
हर पल सुनाते हैं आनंद का राग
मेरी भी भक्ति तुझे ग्रहण हो
हृदय से प्रार्थना करूँ

पतित जीवन में ज्योति जला दे,
तुझ ही से लगी है आशा मेरी
पापमय दम तू दूर हटा दे
पूर्ण हो अभिलाषा मेरी
जीवन के कठिन दुखी क्षणों का,
दृढ़ता से समाना करूँ